# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 22 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 67 हजार 142 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 6 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 22 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 6 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 67 हजार 142 सैंपलों की जांच में से 4328 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## राज्य में ब्लैक फंगस (Mucormycosis) नोटिफायेबल डिसीज घोषित

- राज्य में ब्लैक फंगस (Mucormycosis) को नोटिफायेबल डिसीज घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (शासकीय और निजी) को ब्लैक फंगस (Mucormycosis) की स्क्रिनिंग, पहचान, प्रबंधन के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य शासन, आई.सी.एम.आर., भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर जारी संशोधित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

- राज्य के सभी स्वास्थ्य प्रदाताओं को ब्लैक फंगस (Mucormycosis) के संदेहास्पद या पुष्टिकृत प्रत्येक प्रकरण को संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित करना अनिवार्य होगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति/संस्था द्वारा ब्लैक फंगस (Mucormycosis) के लिए किसी भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक या अन्य प्रकार के मीडिया का उपयोग, स्वास्थ्य विभाग की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस नियम की अवज्ञा करने पर भारतीय दण्ड सहिता 1860 (45) की धारा 188 के तहत दण्डनीय उपराध माना जाएगा। यह अधिसूचना इसके प्रकाशन की तिथि से लागू होगी एवं आगामी एक वर्ष तक वैध रहेगी।

## मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के असर से सरगुजा और बस्तर संभाग में मलेरिया के मामले हुए आधे के करीब

- राज्य शासन के मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का असर दिखने लगा है। मलेरिया नियंत्रण के लिए बस्तर और सरगुजा संभागों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए गए विशेष अभियानों से वहां मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है। सरगुजा संभाग में अप्रैल-2020 की तुलना में अप्रैल-2021 में मलेरिया के मामलों में 60 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं बस्तर संभाग में भी पिछले अप्रैल की तुलना में इस अप्रैल में मलेरिया के मामले 45 प्रतिशत घटे हैं। पिछले अप्रैल में बस्तर संभाग के सातों जिलों में जहां मलेरिया के कुल 2854 प्रकरण मिले थे, वहीं इस साल अप्रैल में कुल 1564 मामले ही सामने आए हैं। सरगुजा संभाग के पांच जिलों में पिछले अप्रैल के 137 मामलों की तुलना में इस अप्रैल में केवल 55 मामले दर्ज किए गए हैं।

## आज दिनांक 22 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,08,798 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 382 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 19955 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 1242, बीपीएल के 7330, एपीएल के 10785, फ्रंटलाइन वर्कर के 598 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 4328 |
| | | कुल | 945694 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1358 |
| | | कुल* | 148923 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 8273 |
| | | कुल* | 713737 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 9631 |
| | | कुल | 862660 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 70540 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 103 | कोविड–19 | 44 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 59 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्चार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 67,142**

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 22-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 140 | 94955 | 134 | 13547 | 303 | 77543 | 91090 | 2146 | 6 | 1719 |
| 2 | राजनांदगांव | 55 | 55112 | 73 | 12241 | 349 | 41156 | 53397 | 1232 | 2 | 483 |
| 3 | बालोद | 127 | 25944 | 48 | 8186 | 142 | 15934 | 24120 | 1472 | 4 | 352 |
| 4 | बेमेतरा | 45 | 19315 | 12 | 3168 | 114 | 14698 | 17866 | 1226 | 1 | 223 |
| 5 | कबीरधाम | 66 | 22120 | 10 | 2210 | 185 | 17920 | 20130 | 1742 | | 248 |
| 6 | रायपुर | 260 | 154767 | 257 | 28405 | 253 | 119080 | 147485 | 4227 | 7 | 3055 |
| 7 | धमतरी | 97 | 25263 | 20 | 2302 | 174 | 20801 | 23103 | 1665 | | 495 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 199 | 40193 | 21 | 7992 | 471 | 27788 | 35780 | 3992 | 7 | 421 |
| 9 | महासमुंद | 125 | 29690 | 28 | 3679 | 192 | 22887 | 26566 | 2803 | 2 | 321 |
| 10 | गरियाबंद | 76 | 18667 | 2 | 3310 | 221 | 13627 | 16937 | 1551 | 3 | 179 |
| 11 | बिलासपुर | 148 | 63903 | 129 | 6517 | 384 | 53414 | 59931 | 2810 | 10 | 1162 |
| 12 | रायगढ़ | 283 | 58990 | 127 | 10986 | 643 | 41606 | 52592 | 5556 | 16 | 842 |
| 13 | कोरबा | 182 | 52394 | 55 | 4228 | 479 | 43402 | 47630 | 4239 | 10 | 525 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 315 | 53703 | 26 | 7207 | 620 | 40970 | 48177 | 4822 | 8 | 704 |
| 15 | मुंगेली | 115 | 22588 | 15 | 869 | 457 | 18798 | 19667 | 2767 | 4 | 154 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 155 | 11138 | 24 | 641 | 312 | 8498 | 9139 | 1867 | | 132 |
| 17 | सरगुजा | 390 | 30125 | 52 | 3250 | 430 | 22615 | 25865 | 4043 | | 217 |
| 18 | कोरिया | 302 | 23873 | 32 | 1442 | 502 | 17820 | 19262 | 4458 | 8 | 153 |
| 19 | सूरजपुर | 187 | 25647 | 2 | 1814 | 533 | 18778 | 20592 | 4868 | 4 | 187 |
| 20 | बलरामपुर | 345 | 17737 | 12 | 1382 | 460 | 12539 | 13921 | 3709 | 3 | 107 |
| 21 | जशपुर | 219 | 23478 | 81 | 3980 | 444 | 16007 | 19987 | 3328 | 2 | 163 |
| 22 | बस्तर | 116 | 17965 | 59 | 4033 | 190 | 12091 | 16124 | 1677 | 2 | 164 |
| 23 | कोंडागांव | 83 | 11575 | 11 | 1549 | 93 | 9029 | 10578 | 907 | 1 | 90 |
| 24 | दंतेवाड़ा | 76 | 9210 | 27 | 3979 | 40 | 4795 | 8774 | 417 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 40 | 5580 | 52 | 3122 | 11 | 2207 | 5329 | 236 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 115 | 22230 | 26 | 3091 | 270 | 16928 | 20019 | 2012 | 2 | 199 |
| 27 | नारायणपुर | 37 | 3283 | 21 | 2390 | 1 | 574 | 2964 | 309 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 29 | 5568 | 2 | 2862 | 0 | 2232 | 5094 | 442 | 1 | 32 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 681 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 17 | | 123 |
| | **महायोग** | **4328** | **945694** | **1358** | **148923** | **8273** | **713737** | **862660** | **70540** | **103** | **12494** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)

⟵ मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ⟶